NGO का FCRA पंजीकरण रद्द करना

प्रलिमि्स के लयि:

वदिशी अंशदान वनियिमन अधनियिम, NGO, कंपनी अधनियिम, 2013, भारतीय ट्रस्ट अधनियिम, 1882, सोसायटी पंजीकरण अधनियिम, 1860, NGO-दर्पण प्लेटफॉर्म।

मेन्स के लयि:

भारत में गैर सरकारी संगठनों का वनियिमन, FCRA के प्रमुख प्रावधान।

स्रोत: द हदि

चर्चा में क्यों?

दो प्रमुख गैर-सरकारी संगठनों (NGO)- **सेंटर फॉर पॉलसिी रसिर्च (CPR) और वर्ल्ड वज़िन इंडिया (WVI)** के लयि **वदिशी अंशदान वनियिमन अधनियिम, 2010 (FCRA)** पंजीकरण रद्द कयि जाने से भारत में वदिशी अंशदान को नयिंत्रति करने वाले नयिामक परदृिश्य को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

CPR और WVI के पंजीकरण रद्द करने का क्या कारण है?

- **गृह मंत्रालय के अनुसार** CPR ने वकिास परयिोजनाओं के वरिुद्ध कानूनी चुनौतयिाँ प्रस्तुत करने तथा भारत में वरिोध प्रदर्शनों हेतु वत्तिीय सहायता प्रदान कर भारत के आर्थकि हतिों को नुकसान पहुँचाने के लयि वदिशों से प्राप्त अंशदान का दुरुपयोग कयिा है।
  - उदाहरण के तौर पर वायु प्रदूषण पर CPR की रपिोर्ट का हवाला देते हुए आरोप में करेंट अफेयर्स कार्यक्रमों के उत्पादन के माध्यम से FCRA मानदंडों का उल्लंघन शामलि है।
    - गृह मंत्रालय का दावा है कि वदिशी फंड से ऐसे कार्यक्रम प्रकाशति करना **FCRA की धारा 3 का** उल्लंघन है।
- इसके अतरिक्ति वर्ष 2012-13 से 2020-21 तक कथति FCRA उल्लंघन के लयि **वर्ल्ड वज़िन इंडिया** का पंजीकरण रद्द कर दयिा गया था।
  - वर्ष 1986 में अधनियिम के तहत **पंजीकृत सभी गैर सरकारी संगठनों के बीच WVI सबसे अधकि वदिशी दान प्राप्तकर्त्ता** है।

FCRA क्या है?

- **परचिय:**
  - वदिशी सरकारों द्वारा भारत के आंतरकि मामलों को प्रभावति करने के लयि स्वतंत्र संगठनों की सहायता से कयि जाने वाले वत्तिपोषण की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए FCRA को वर्ष 1976 में **आपातकाल** के दौरान अधनियिमति कयिा गया था।
  - इसे एक **संप्रभु लोकतांत्रकि गणराज्य** के सद्धिांतों के साथ संरेखति करते हुए आंतरकि सुरक्षा पर कसिी भी प्रतकिूल प्रभाव को रोकने के लयि वदिशी अंशदान को वनियिमति करने हेतु डज़िाइन कयिा गया था।
- **FCRA का वकिास:**
  - **2010 संशोधन:** वशिष्टि व्यक्तयिों अथवा संघों द्वारा वदिशी अंशदान की स्वीकृति तथा उपयोग को नयिंत्रति करने वाले नयिमों को सुव्यवस्थति करने एवं राष्ट्रीय हतिों के लयि हानकिारक गतविधियिों की रोकथाम हेतु संबद्ध योगदान को प्रतबिंधति करने के लयि इसे अधनियिमति कयिा गया था।
  - **2020 संशोधन:**
    - संबद्ध **गैर सरकारी संगठनों (NGO) के सभी प्रमुख पदाधकिारयिों को** पहचान के प्रमाण के रूप में **आधार नंबर उपलब्ध कराना होगा** तथा केवल भारतीय स्टेट बैंक के साथ नामति FCRA बैंक खातों के माध्यम से वदिशी अंशदान की प्राप्ति की जा सकेगी।
    - वदिशी अंशदान के घरेलू अंतरण पर पूर्ण प्रतबिंध।
    - प्रशासनकि व्यय सीमा को **50% से घटाकर 20%** कयिा गया।
- **प्रयोज्यता:** FCRA वदिशी अंशदान प्राप्त करने के इच्छुक सभी संघों, समूहों तथा गैर सरकारी संगठनों के लयि पंजीकरण अनविार्य करता है।
  - नर्धिारति मानदंडों के अनुपालन करने पर इसके नवीनीकरण की संभावना के साथ प्रारंभ में इसे **5 वर्षों** के लयि वैध कयिा गया था।
- **वदिशी अंशदान के उद्देश्य: पंजीकृत संघ सामाजकि, शैक्षकि, धार्मकि, आर्थकि तथा सांस्कृतकि उद्देश्यों के लयि वदिशी अंशदान प्राप्त**

कर सकते हैं।
- **निगरानी/अनुश्रवण प्राधिकरण: गृह मंत्रालय**
    - वर्ष 2015 में गृह मंत्रालय ने गैर सरकारी संगठनों को वास्तविक समय में सुरक्षा पहुँच के लिये कोर बैंकिंग सुविधाओं वाले बैंकों में खाते संचालित करने का आदेश दिया।
    - वर्ष 2023 में MHA ने FCRA-पंजीकृत NGO के लिये नियमों में संशोधन किया जिसके तहत अब उन्हें अपनी वार्षिक विवरणी/रिटर्न में विदेशी अंशदान के उपयोग से **सृजित परिसंपत्ति का खुलासा करना आवश्यक** हो गया है।

भारत में NGO को कैसे विनियमित किया जाता है?

- **परिचय:**
    - जैसा कि विश्व बैंक द्वारा परिभाषित किया गया है, **गैर-सरकारी संगठन** उन गैर-लाभकारी संगठनों को संदर्भित करते हैं जो पीड़ा को दूर करने, गरीबों के हितों को बढ़ावा देने, पर्यावरण की रक्षा करने, बुनियादी सामाजिक सेवाएँ प्रदान करने या सामुदायिक विकास करने के लिये गतिविधियाँ करते हैं।
        - हालाँकि, भारत में NGO शब्द संगठनों के एक व्यापक स्पेक्ट्रम को दर्शाता है जो गैर-सरकारी, अर्ध या अर्ध सरकारी, स्वैच्छिक या गैर-स्वैच्छिक आदि हो सकते हैं।
- **पंजीकरण एवं विनियमन:** मुख्यतः NGO **कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत ट्रस्ट, सोसायटी या कंपनी** के रूप में पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण और शासन के लिये प्रत्येक फॉर्म के अपने नियम और विनियम हैं।
    - **ट्रस्ट:** **भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, 1882** या समकक्ष राज्य कानूनों द्वारा शासित, जिसके लिये चैरिटी आयुक्त के कार्यालय में पंजीकरण की आवश्यकता होती है।
    - **सोसायटी: सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860** या इसके राज्य-विशिष्ट विविधताओं के तहत सोसायटी रजिस्ट्रार के साथ पंजीकृत।
    - **धारा 8 कंपनियाँ:** वाणिज्यिक कंपनियों के समान पंजीकृत लेकिन **गैर-लाभकारी उद्देश्यों के साथ।**
- **NGO-दर्पण प्लेटफॉर्म:** यह गैर सरकारी संगठनों और केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों/सरकारी निकायों के बीच इंटरफेस के लिये स्थान प्रदान करता है।
    - यह सरकार और स्वैच्छिक क्षेत्र के बीच बेहतर साझेदारी लाने और **बेहतर पारदर्शिता, दक्षता तथा जवाबदेही को बढ़ावा** देने के लिये राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के सहयोग से **नीति आयोग** द्वारा दी जाने वाली एक निःशुल्क सुविधा है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

?????:

प्रश्न. क्या सिविल सोसायटी और गैर-सरकारी संगठन आम नागरिक को लाभ प्रदान करने के लिये लोक सेवा प्रदायगी का वैकल्पिक प्रतिमान प्रस्तुत कर सकते हैं? इस वैकल्पिक प्रतिमान की चुनौतियों की विवेचना कीजिये। (2021)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/news-analysis/25-01-2024/print